# राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

## एकल स्त्रोत निविदा सूचना

क्रमांकः एचसी / एसके / उपापन / 2023–24 / 20 दिनांक : 07.07.2023

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर व पीठ कार्यालय, जयपुर में कार्यरत Usher, Chauffeur एवं अन्य पुरूष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के उपयोगार्थ कुल 1210 मीटर Mayur Suiting Quality No. 150299 कपडा (कार्यालय में उपलब्ध कपडे के नमूनानुसार) (815 Mtr. White Colour and 395 Mtr. Smoke Grey Colour) क्रय करने हेतु दरों के सम्बन्ध में विनिर्माता फर्म से मोहरबन्द निविदा **दिनांक 18.07.2023 दोपहर 03.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते कार्यालय की वेबसाइट http://www.hcraj.nic.in एवं राजस्थान सरकार की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी। निविदा की अन्य शर्ते / विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं। (अनुमानित मूल्य रूपये 2,29,900 / – )

आज्ञा से,

07.07.2023

रजिस्ट्रार (वर्गीकरण),

# RAJASTHAN HIGH COURT, JODHPUR

Phone No. 0291-2888500-504 (Store 2888385) Fax: 2888080, Email – hc-rj@nic.in, store-rhc@hcraj.nic.in

Mayur Suiting Quality No. 150299 cloth (815 Mtr. White Colour and 395 Mtr. Smoke Grey Colour)
की सप्लाई हेतु निविदा एवं अनुबन्ध की शर्ते

पृष्ठ सख्या– 1

1. निविदा पूर्ण रूप से भरी जाकर मोहरबंद निविदाएँ दिनांक 18.07.2023 दोपहर 03.00 बजे तक कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 18.07.2023 को ही दोपहर 04:00 बजे उपस्थित निविदाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

2. निविदादाता फर्म को निविदा प्रपत्र में वर्णित सामग्री स्वीकृत नमूनानुसार एवं वांछित क्वालिटी अनुसार सप्लाई करनी होगी। सप्लाई की गई सामग्री निर्धारित मानक/निर्देशों के अनुसार नहीं होने की स्थिति में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के त्रुटि सुधारकर/बदलकर देनी होगी अथवा उसका लागत मूल्य कार्यालय में जमा करवाना होगा।

3. सम्बन्धित फर्म को सप्लाई आदेश का कार्य कार्यालय आदेश प्राप्ति के 90 (नब्बे) दिवस के भीतर सम्पूर्ण करना होगा। निविदा में वर्णित दरों के सम्बन्ध में बाजार में किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि होती है तो इसकी जिम्मेवारी सम्बन्धित फर्म की होगी।

4. निविदा में प्रस्तुत दरें सभी करों सहित शब्दों एव अंकों में स्पष्ट रूप में लिख कर अंकित करनी होगी। कॉट-छॉट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करके दरें पृथक से स्पष्ट रूप से लिखनी होगी। निविदा में प्रस्तुत दरों में सामान को निर्दिष्ट स्थान/राजस्थान उच्च न्यायालय, के भण्डारगृह तक पहुँचाने का व्यय (Handling Charges) भी सम्मिलित होगा।

5. **सफल निविदादाता फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र में वर्णित अनुसार सम्बन्धित कपडे की सप्लाई भण्डार अनुभाग, राज. उच्च न्यायालय, मुख्य पीठ, जोधपुर एवं भण्डार अनुभाग, राज. उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर में की जानी होगी। उक्त हेतु कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का अतिरिक्त व्यय देय नहीं होगा।**

6. उक्त कार्य सम्पादन में यदि किसी भी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिये कार्यालय किसी भी प्रकार की क्षति पूर्ति नहीं करेगा, न हीं कार्यालय की कोई जिम्मेदारी होगी। संबंधित कपडे की आपूर्ति कार्यादेश में वर्णित समय अवधि (कार्यालय द्वारा निर्धारित समय) के भीतर ही करनी होगी। विलम्ब से की गई आपूर्ति पर कार्यादेशानुसार नियमानुसार शास्ति लगाई जायेगी ।

7. उक्त निविदा में सफल निविदादाता अपने कार्य को स्वयं के स्तर पर ही सम्पादित करेगा, स्वीकृत कार्य को किसी अन्य एजेन्सी या फर्म के माध्यम से नहीं करवायेगा अर्थात् सबलेट नहीं करेगा।

8. सफल निविदादाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके द्वारा सप्लाई की गई सामग्री/माल/वस्तु कार्यालय द्वारा स्वीकृत किये नमूने अनुसार ही हो।

9. उक्त आदेश की पालना में सम्बन्धित फर्म को यदि किसी भी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिये कार्यालय किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं करेगा न हीं कार्यालय की कोई जिम्मेदारी होगी। सप्लाई आदेश की पालना तय समय सीमा में करनी होगी। विलम्ब से किये गये कार्य पर नियमानुसार शास्ती (L.D.) लगायी जायेगी ।

10. विपत्रों का भुगतान केवल ECS के माध्यम से किया जायेगा तथा इस हेतु निविदादाता को वांछित सूचनाएँ, जैसें – PAN No., GSTIN, Bank A/C No., Name of Bank, Branch, IFSC Code, MICR Code, etc. उपलब्ध करवानी होगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना कम अथवा गलत पाये जाने पर होने वाली देरी अथवा नुकसान की जिम्मेवारी इस कार्यालय की नहीं होगी।

11. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम --2013 के प्रावधान भी लागू होगें ।

12. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी ।

मैने/हमनें उक्त वर्णित नियमों एवं शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ लिया है तथा मैं/हम उक्त नियम और शर्तो से पूर्णतया सहमत है। इस सम्बन्ध में भविष्य में किसी भी प्रकार के होने वाले विवाद के लिये मैं/हम स्वयं जिम्मेदार होगें ।

दिनांक :
स्थान :

हस्ताक्षर निविदादाता
मय पता सील मोहर

# RAJASTHAN HIGH COURT, JODHPUR

Phone No. 0291-2888500-504 (Store 2888385) Fax: 2888080, Email – hc-rj@nic.in, store-rhc@hcraj.nic.in

## घोषणा–पत्र

(फर्म द्वारा स्वयं के लेटर हेड पर घोषणा पत्र)

मेरे/हमारे द्वारा घोषणा की जाती है कि कार्यालय निविदा क्रमांक एचसी/एसके/उपापन/2023–24/20 दिनांक 18.07.2023 का निविदा प्रपत्र तथा इसके संलग्न समस्त प्रपत्रों, जानकारी एवं शर्तो को मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि निविदा के सम्बन्ध में श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर का निर्णय हमारे लिये अन्तिम एवं मान्य होगा।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म द्वारा निविदा में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा निविदा में वर्णित सामग्री का हमारें पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। उक्त कार्य से सम्बन्धित हमारे यहॉ अनुभवी एवं तकनीकी कर्मचारी भी उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान/निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। प्रतीकस्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय सील कर दिये है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति राशि (Security Deposit Amount) को पूर्ण रूप से समपहृत किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रदद् किया जा सकेगा।

दिनांक: | हस्ताक्षर निविदादाता
स्थान : | मय पता सील मोहर